पंचदश

बिहार विधान-सभा

दशम् सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{08 श्रावण, 1935 (श0)}}{\text{30 जुलाई, 2013 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या-02

(1) पर्यावरण एवं वन विभाग	..	01
(2) अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग	..	01
	कुल योग ..	02

योजना की उपलब्धी

*04. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह——क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छात्र वृक्षारोपण योजना के तहत वर्ष 2007 से 2011 तक राज्य में 12,58,400 छात्र शामिल हुये जिन्हें पौधों को सुरक्षित रखने हेतु प्रति पौधे 300 रू० का भुगतान विद्यालयो के माध्यम से किया गया, किन्तु उक्त योजना की भौतिक उपलब्धी शून्य है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

सीमा बढ़ाना

*05. श्री कृष्ण कुमार ऋषि——क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में डॉक्टर, इंजीनियर एवं अन्य संस्थाओं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति के लिए पारिवारिक आय की सीमा 2 लाख रखी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि केन्द्र में उक्त जाति के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिये पारिवारिक आय की सीमा 4–5 लाख रखी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जाति के छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए पारिवारिक आय की सीमा बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा ।

पटना :
दिनांक 30 जुलाई, 2013 (ई0)।

बि०स०मु० (एल०ए०) 48 डी०टी०पी०–450